हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 19 मई 2024

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

14 इंडस स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



14 स्वास्थ्य विभाग ने प्रवासी मजदूरों को किया जागरूक



## खबर संक्षेप

### भैंस को पालतू कुत्तों ने काटा, मालिक पर केस

**जींद।** गांव शाहपुर में प्लाट में घुसी भैंसों को पालतू कुत्तों ने काट लिया और प्लाट मालिक ने भैंसों को डंडे मारे। जब पशुपालक ने विरोध किया तो कुत्तों के मालिक ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। सदर थाना पुलिस ने पशुपालक की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ पशु क्रूरता समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गला दबा बेटी की हत्या का चौथा आरोपी दबोचा

**कैथल।** पूंडरी थाना अंतर्गत के गांव में नाबालिग बेटी की गला दबाकर हत्या के मामले की जांच एसआई राजकुमार की टीम द्वारा करते आरोपी सुनील को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना पूंडरी के सुरक्षा एजेंट की शिकायत अनुसार पूंडरी थाना क्षेत्र के गांव की नाबालिगा की परिजनो ने युवक के साथ दोस्ताना संबंधों के चलते रात में गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

### छह मकानों से जेवर और नकदी चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव कमाचखेड़ा में बीती रात चोरों ने छह मकानों में घुस कर नगदी, सोना चांदी के जेवरात को चोरी कर लिया। चोरी की वारदात गांव में लेगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। चोर की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने एक युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक का रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप

**कैथल।** युवक का रास्ता रोककर मारपीट और बाइक को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव ग्योंग निवासी हर्ष ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 16 मई को शाम के समय वह शहर में आया हुआ था। जब वह ढांड रोड पर जा रहा था तो अज्ञात आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया और उस पर डंडे व लाठियों से हमला कर दिया।

### खेत से सोलर पैनल तथा कंट्रोलर चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव घसोखुर्द में चोरों ने खेतों से सोलर पैनल तथा कंट्रोलर को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव घसो खुर्द निवासी सत्यवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत से सोलर प्लेट लगाई हुई है। बीती रात चोरों ने सोलर प्लेट तथा कंट्रोलर को चोरी कर लिया।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** कालोनी की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित करने के आरोप में थाना महिला पुलिस की लेडी एचसी पिंकी द्वारा पीड़िता के पति ललुवाल टोहाना जिला फतेहाबाद निवासी सागर को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 19 अक्टूबर 2021 को सागर उपरोक्त के साथ हुई थी।

### खेत से पखां चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** गांव नंदगढ़ में किसान के खेत से दो पंखे चोरी करने के आरोपित को जुलाना थाना पुलिस ने काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान शहर की बुढ़ाबाबा बस्ती निवासी दास उर्फ चुहाल के रुप में हुई है। जुलाना थाना में नंदगढ़ गांव निवासी कर्मवीर ने शिकायत दी थी।

### सेक्टर 19 में मकान से सामान चोरी, केस

**कैथल।** सेक्टर 19 में चोर एक मकान से सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शास्त्री नगर निवासी शीशन ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 16 मई को अज्ञात उसके सेक्टर 19 स्थित मकान से पंखे, टोंटियां, मिक्सर, रसोई का सामान व मेनहोल के ढक्कन चोरी कर ले गए।

---

**अधिकतम तापमान 44 डिग्री: हवा की गति 19 किलोमीटर प्रति घंटा, फिलहाल गर्मी से राहत के आसार नहीं**

# गर्मी ने दिखाया रौद्र रूप, पारा उफान पर बढ़ा हीट स्ट्रोक का डर, बाजार सुनसान

### उलटी, दस्त तथा सिर चकराने के मामलों में इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सूर्य देवता ने आग उगल दी है और पारा उफान की तरफ है। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिल रहा है। दोपहर को बाजार तथा सडकें सुनसान हो रही हैं और हालात कर्फ्यू जैसे दिखाई दे रहे हैं। उलटी, दस्त तथा सिर चकराने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 15 प्रतिशत व हवा की गति 19 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है और तापमान में भी इजाफा होगा। वहीं चिकित्सकों ने धूप में निकलने से बचने की सलाह लोगों को दी है। गर्मी से बचने के लिए लोग माइनरों तथा नहरों का सहारा ले रहे हैं। तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है और 44 डिग्री पहुंच गया है। शनिवार को अधिकतम तापमान स्थित रहा जबकि न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि के साथ ही 29 डिग्री पर पहुंच गया। आगामी दिनों में पारा 45 डिग्री पार जाने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसकी आशंका पहले ही जता दी है। ऐसे हालात में हिट स्ट्रोक का खतरा भी पैदा हो गया है। बढ़े तापमान ने लोगों की परेशानी को बढा दिया है। दिन निकलने के साथ सूर्य आग उगलनी शुरु कर देता है, दोपहर तक बाजारों तथा सड़कों पर विरानगी छा जाती है। जिसका सीधा असर काम धंधे पर भी पड रहा है। तापमान में बढोत्तरी होने के चलते उलटी, दस्त तथा सिर चकराने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। सामान्य अस्पताल में हर तीसरा मरीज उलटी, दस्त, सिर चकराने, पेट दर्द के चलते इलाज के लिए पहुंच रहा है। सामान्य अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि तापमान 'यादा होने के चलते स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। लोगों को चाहिए कि वे धूप में घर से बाहर निकलने से बचें। जरूरी होने पर कपड़े से शरीर को ढांप कर रखें। 'यादा से 'यादा स्वच्छ पेय पदाथारें का प्रयोग करें। तबीयत खराब होने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें। भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों से अपील की है कि वे अपने आपको हाइड्रेट रखने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में पानी पिएं और अल्कोहल और कैफीन युक्त पेय पदाथोंर् का सेवन बिल्कुल ना करें। धूप में निकलने से बचें, अत्यधिक गर्मी के समय सुबह 11 बजे से शाम चार बजे के दौरान घर के अंदर ही रहें।



**जींद।** भीषण गर्मी के बीच गोहाना रोड पर मुंह ढांप कर वाहन चलाते चालक।

#### तापमान में होगा इजाफा

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। तापमान में और 'यादा इजाफा होगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार-पांच दिनों में आसमान साफ रहने के साथ-साथ मुख्यतः शुष्क मौसम रहने की संभावना भी बनी रहेगी। इन दिनों के दौरान हरियाणा में तापमान 44.46 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है जिसके कारण समूचे हरियाणा में हीट वेव की स्थिति बनेगी। जहां अलग-अलग हिस्सों में अधिकतम तापमान 46.47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

**पिछले पांच दिनों का तापमान**

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 18 मई | 44 डिग्री | 29 डिग्री |
| 17 मई | 44 डिग्री | 28 डिग्री |
| 16 मई | 42 डिग्री | 28 डिग्री |
| 15 मई | 42 डिग्री | 26 डिग्री |
| 14 मई | 40 डिग्री | 26 डिग्री |

यदि आपको बाहर जाना है तो हल्के रंग के ढीलेढाले कपड़े पहन कर जाएं और अपने सिर को टोपी, गीले कपड़े या छाते से ढकें। घर में मौजूद बुजुगोंर्, बच्चों और बीमार व्यक्तियों पर विशेष ध्यान दें। अत्यधिक परिश्रम वाले कार्य जैसे व्यायाम अथवा शारीरिक मेहनत को स्थगित कर दें।

### गर्मी और लू से बचाव के लिए एहतियात बरतें लोगः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। डीसी प्रशांत पंवार ने आमजन से आह्वान किया कि वे राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर नहीं जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें।

---

## बंधक बना प्रताड़ित, 54 लाख रुपये हड़पने का लगाया आरोप

- मामले में एक महिला सहित पांच आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एक महिला सहित पांच आरोपितों ने मिलकर एक व्यक्ति को जमीन बेचने के बहाने यूपी बुला लिया। वहां पर बंधक बनाकर पीटा और उसकी अश्लील वीडियो बनाई। और 54 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राजौंद के कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि वह लोगों को जमीन खरीदने,बेचने में सलाहकार का काम करता है। उसका बचपन का दोस्त सुरेश राणा उर्फ काका नशे व जुआ सट्टे का अवैध धंधा करने का आदी है। वह इस कारण अपनी कस्बा राजौंद की जमीन बेचकर ससुराल गागलहेड़ी जिला सहारपुर यूपी चला गया। उसने बरोली जिला सहारनपुर में अपने साले दिग्विजिय के साथ मिलकर कृषि की करीब 13 बीघा जमीन मोल ली हुई है और गागलहेड़ी में मकान बनाकर अपने बच्चों सहित रह रहा है। सुरेश अपनी पत्नी अर्चना के साथ फरवरी 2024 में हमारे घर आया था। सुरेश उसके आगे गिड़गिड़ाने लगा और कहने लगा कि उसे उसके साले दिग्विजय ने बर्बाद कर दिया है। उसने यूपी में जमीन अपने पैसे से खरीदी थी। दिग्विजय ने इस खरीदी हुई जमीन में से आधी अपने नाम धोखे से करवा ली है। आरोपी ने कहा कि मेरी यूपी की जमीन बिकवाकर वापस राजौंद में मेरा घर बसवा दो। बचपन का दोस्त होने के कारण वह सुरेश की बातों में आ गया व सुरेश की जमीन बिकवाने की तसल्ली दी। जांच अधिकारी मनबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेजधार हथियार से हमला कर भाई को उतारा मौत के घाट

**दो दिन पहले दोनो भाइयों में हुआ था झगडा, छोटा था बड़े से खफा**

- खेत में मकान बना साथ रहते थे दोनों भाई, आरोपित छोटा भाई अविवाहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव लोधर खेतों में शनिवार दोपहर को कहासुनी के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई पर तेजधार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई ओर हालातों का जायजा लिया। मृतक के शव को नरवाना नागारिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया है। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोधर निवासी संदीप (45) तथा उसका अविवाहित छोटा भाई सुनील (40) खेत में मकान बना कर रहे हैं। शनिवार को दोनों भाइयों मे कहासुनी हो गई। शराब के नशे मे धुत्त सुनील ने बड़े भाई संदीप पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। संदीप के परिजनों ने सुनील से छुप कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर संदीप को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर डीएसपी उचाना, थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। बताया जाता है कि दो दिन पहले भी दोनों में झगडा हुआ था। जिस पर सुनील अपने बड़े भाई से खफा था। शनिवार दोपहर बाद मौका पाकर सुनील ने अपने बड़े भाई संदीप पर हमला कर हत्या कर दी।



#### मामले की जांच जारी

उचाना थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया की मृतक तथा उसके छोटे में दो दिन पहले झगड़ा हुआ था। दोनो खेत में रहते हैं। छोटे भाई ने अपने बडे भाई पर हमला कर हत्या कर दी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## नशीला पदार्थ तस्करी के जुर्म में दोषी को दो साल कारावास

- अवैध रूप से भारत में रह रहे नाइजीरियन को 3 वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नोरिया की अदालत ने नशीले पदार्थ तस्करी अधिनियम के तहत एक दोषी को दो वर्ष का कारावास व 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इसी मामले में एक नाइजीरियन को अवैध रूप से भारत में रहने का आरोप सिद्ध होने पर तीन साल छह माह की कैद व 25 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सीआईए स्टाफ पुलिस को 11 अप्रैल 2021 को सूचना मिली थी कि गांव जागसी निवासी विकास नशीले पदार्थ का कारोबार करता है ओर वह अपने साथी के साथ सफीदों की तरफ बाइक पर सवार होकर आ रहा है। जिसके आधार पर सीआइए स्टाफ ने हाट के निकट नाकेबंदी कर बाइक सवारों को काबू कर लिया। तलाशी लिए जाने पर विकास के कब्जे से 43 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जबकि दूसरे युवक की पहचान गांव जागसी निवासी पंकज के रूप में हुई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने सीआईए स्टाफ कर्मी की शिकायत पर नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

## नाबालिग सहित 3 बाइक चोर पकड़े

- 12 साल के नाबालिग से बरामद की चोरी की तीन मोटरसाइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

दोपहिया वाहन चोरों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है, जिसके तहत कार्रवाई करते एक नाबालिग को पकड़ने के अतिरिक्त 2 अन्य आरोपियों को भी काबू किया है। जिनके कब्जे से 6 बाइक बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बेलरखा जिला जींद निवासी बलबीर सिंह की शिकायत अनुसार 14 मई को बाइक करनाल बाईपास चौंक के पास से अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना सिविल लाईन में मामला दर्ज है। मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी राजीव कुमार की टीम द्वारा करते हुए प्योदा रोड कैथल निवासी एक 12 वर्षीय किशोर को पकड़ा गया। पूछताछ उपरांत किशोर के कब्जे से 3 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। जो तीनो बाइक थाना सिविल लाइन कैथल क्षेत्र से चोरीशुदा पाई गई। पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। दूसरे मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ इंचार्ज एसआई राजेंद्र की अगुवाई में एचसी राकेश कुमार व एचसी लखविंद्र की टीम द्वारा एक बाइक चोरी मामले में आरोपी दोनो पूंडरी निवासी राजीव व राजवीर को काबू कर लिया गया। बता दें कि काकौत निवासी गुरदीप की शिकायत अनुसार 8 मई को उसकी बाइक दाऊ पेट्रौल पंप कैथल के पास से अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज है। आरोपियों के कब्जे से उपरोक्त मामले की बाइक सहित कुल 3 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। दोनो आरोपी शनिवार को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।



सीआईए-1 पुलिस द्वारा बरामद की 3 बाइक।

## कार खंभे से टकराई बाल-बाल बचे 4 लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गत देर रात्रि एक कार में सवार 4 लोग उस समय बाल बाल बच गए, जब चलती हुई कार बिजली के एक खंबे से टकरा गई। हालांकि मौके पर एयरबैग खुल जाने के कारण कार में बैठे किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार खरकां की तरफ से आ रही थी और ड्राइवर उत्तर प्रदेश के होने के चलते वहां चीका की तरफ जाने वाले मोड़ से अनभिज्ञ था, जिस कारण कार खंबे से जा टकराई और कार के साथ साथ खंबा भी टूट गया। जानकारी के अनुसार कार में सवार तीन लोग चीका के बताए गए हैं जबकि ड्राइवर यू.पी. का रहने वाला था। बहरहाल चारों लोगों की जान तो बच गई परंतु बिजली विभाग ने कार में सवार लोगों से टूटे खंबे की कीमत वसूलने के लिए अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



---

**सुविधा** लंबी कतारों में खड़े होने से बचाने के लिए लोगों को मिलेगी सुविधा

## अनारक्षित यात्रा, प्लेटफॉर्म-सीजन टिकटों की घर बैठे ही होगी बुकिंग

सभी अनारक्षित पेपरलेस टिकटों की बुकिंग पर बाहरी दूरी सीमा का प्रतिबंध भी हटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे विभाग द्वारा यात्रियों को अनारक्षित टिकट प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने से बचाने के लिए मोबाइल एप से घर बैठे किसी भी रेलवे का टिकट बुक करने की सुविधा मुहैया कराई है। रेलवे ने अनरिजर्वड टिकट सिस्टम (यूटीएस) में बदलाव करते सभी अनारक्षित पेपरलेस टिकटों की बुकिंग पर बाहरी दूरी सीमा का प्रतिबंध भी हटा दिया है। ऐसे में अब अनारक्षित यात्रा, प्लेटफॉर्म और सीजन टिकटों की घर बैठे बुकिंग हो सकेगी। पूर्व में यह दूरी प्रतिबंध पांच और बाद में 20 किलोमीटर किया था लेकिन अब दूरी के प्रतिबंध के बिना यात्री इस एप के जरिए घर बैठे अनारक्षित टिकट बुक कर सकेंगे। इसी तरह जहां यात्रियों को लोकल टिकट के लिए कतारों में लगने, खुल्ले पैसे और देरी से पहुंचने पर भीड़ से टिकट नहीं मिलने जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। इससे उनका सफर आसान होगा। यूटीएस एप ट्रेन का जनरल टिकट बुक करने का भारतीय रेलवे का आधिकारिक एंड्रॉयड मोबाइल एप है। यूटीएस ऑन मोबाइल एप का उपयोग करने का एक लाभ यात्री को यह भी है कि उनको एप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग के लिए अपने आर वॉलेट को रिचार्ज करते समय तीन प्रतिशत बोनस मिलता है। इसके अलावा ट्रेन में टीटीई द्वारा टिकट मांगने पर मोबाइल में टिकट दिखाया जा सकता है।




**घर बैठे हो सकेगी बुकिंगः** रेलवे जंक्शन अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि अब अनारक्षित यात्रा, प्लेटफॉर्म और सीजन टिकटों की घर बैठे बुकिंग हो सकेगी। रेलवे ने अनरिजर्वड टिकट सिस्टम (यूटीएस) में बदलाव करते हुए सभी अनारक्षित पेपरलेस टिकटों की बुकिंग पर बाहरी दूरी सीमा का प्रतिबंध भी हटा दिया है।

## जुलानावासी पेयजल किल्लत से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ज्यों-ज्यों गर्मी का पारा चढ़ता जा रहा है त्यों-त्यों लोगों को पीने के पानी की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। ये कहना है देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक का। उन्होंने कहा कि वे गांव किलाजफरगढ़, दौरड़, अकालगढ़ व ब्राह्मणवास गांव के लोगों से मिले थे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने का पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से गर्मी में उनकी परेशान बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पानी आता तो है लेकिन कई-कई दिनों में एक बार आता है। महिलाओं को काफी दूर से पानी लाना पड़ता है। दलजीत मलिक ने कहा कि प्रशासन पीने की पानी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करे ताकि ग्रामीणों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि अगर पीने की पानी की समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ मिल कर देव हिंदू मंच रोड पर उतरने से भी गुरेज नहीं करेगा। कहा कि जुलाना हलके में पीने की पानी की जहां भी समस्या है, उसका समाधान जल्द से जल्द किया जाए। मौके पर उनके साथ प्रदेशाध्यक्ष राजीव शर्मा, अशोक दलाल मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### रोलर स्केटिंग में अमर ने जीता स्वर्ण

**जींद।** गुरूग्राम में आयोजित रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में आधारशिला विद्यालय के विद्यार्थियों ने पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं के अमर ने स्वर्ण व कक्षा आठवीं के समर ने रजक पद जीता है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की निदेशिका अंजू सिहाग ने दोनों छात्रों व उनके प्रशिक्षकों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### आंगनवाड़ी केंद्रों का समय भी बदले सरकार

**जींद।** आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन की जिला सचिव सुमन देवी ने भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव करने की मांग की है। सुमन देवी ने बताया कि स्कूलों का समय सुबह सात बजे से 12 बजे कर दिया गया है लेकिन सरकार एवं स्थानीय प्रशासन आंगनवाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों के साथ पूरी तरह भेदभाव कर रही है।

### नैना चौटाला उचाना हलके में आज

**उचाना।** जजपा उम्मीदवार नैना चौटाला 19 मई को उचाना हलके के गांवों में पहुंचेंगी। प्रो. जगदीश सिहाग ने बताया कि को झील गांव से दौरे की शुरूआत होगी। घसो कलां, घसो खुर्द, सुदकैन खुर्द, लोधर, मांडी कलां, संडील, थुआ, कुचराना खुर्द, गुरूकुल खेड़ा, अलीपुरा, पालवां, खरकभूरा, सफा खेड़ी, सेढ़ा माजरा गांव में पहुंचेंगे।

### प्रो.खटकड़ की प्रतिमा का अनावरण आज

**उचाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय जींद के पूर्व प्रोफेसर एवं शिक्षाविद् वजीर खटकड़ की प्रतिमा का अनावरण सुदकैन खुर्द में होगा। जानकारी देते हुए उनके बेटे अनुराग खटकड़ ने बताया की उनके पिता जी की प्रतिमा का 19 मई अनावरण उनके सभी साथियों के साथ मिलकर किया जाएगा। उनके पिता एक समाजिक व्यक्ति थे।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव रोझला से सफीदों ब्यूटी पार्लर के निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गाव रोझला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके ताऊ की 25 वर्षीय बेटी सफीदों में हर रोज की भांति ब्यूटी पार्लर का काम सिखने के लिए निकली थी।

### कल 27 गांवों में जाएंगे जयप्रकाश

**उचाना।** इंडिया गठबंधन उम्मीदवार जयप्रकाश 20 मई को हलके 27 गांवों के दौरे किए। वीरेंद्र प्रधान, अभिजीत कटवाल ने जानकारी देते हुए मखंड, बुडायन, भौंगरा, खापड़, उचाना कलां, उचाना खुर्द, काकड़ोद, नचार खेड़ा, उदयपुर, दुर्जनपुर, सुरबरा, मंगलपुर, डोहाना खेड़ा, दाबड़ी, दरोली खेड़ा, सेढ़ा माजरा, खेड़ी मंसानिया, घसो कलां, घसो खुर्द, झील, डूमरखा कलां, डूमरखा खुर्द, काब्रच्छा, तारखा, सफा खेड़ी, खरकभूरा, सुदकैन खुर्द के दौरे करेंगे।

### कमरे का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**जींद।** गांव खरकगादिया में बीती रात चोरों ने सरकारी स्कूल के एजूसेट कमरे का ताला तोड़ कर बैटरी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ढाबे पर झगड़े में तीन घायल, शिकायत दर्ज

**जींद।** उचाना-नरवाना नेशनल हाइवे स्थित ढाबे पर बाइक सवार युवकों ने तीन युवकों पर तेजधार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत पर तीन युवकों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राहुल ने बताया कि वह अपने दोस्त सुमित के साथ के साथ गाड़ी में ढाबे पर खाना लेने गए हुए थे।

## सरकारी स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया लगातार जारी

# राजकीय स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य अधूरा

**गत वर्ष बाल वाटिका से लेकर पांचवीं कक्षा तक छात्र संख्या थी 42351 इस साल अबतक केवल 37464 पहुंची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकारी स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया लगातार जारी है। जून में गर्मियों की छुट्टियां हो जाएंगी। शिक्षा निदेशालय द्वारा इस साल छात्र संख्या बढ़ाने का दिया गया लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। यही नहीं पिछले साल की छात्र संख्या भी पूरी नहीं हो सकी है। पिछले साल बाल वाटिका से लेकर पांचवीं कक्षा तक छात्र संख्या 42351 थी, जो इस साल अब 37464 तक पहुंची है। अभी भी पिछले साल के मुकाबले छात्र संख्या 4887 कम है। वहीं एक मई से लेकर 17 मई तक जिलेभर में 806 नए दाखिले हुए हैं।

पिछले साल बाल वाटिका से लेकर पांचवीं कक्षा तक उचाना ब्लॉक में 7683, पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में 2582, जींद ब्लॉक में 8794, नरवाना ब्लॉक में 9271, अलेवा ब्लॉक में 3263, सफीदों ब्लॉक में 6129 व जुलाना ब्लॉक में 4629 छात्र संख्या थी। जबकि इस साल 17 मई तक उचाना ब्लॉक में छात्र संख्या 6785, पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में 2281, जींद ब्लॉक में 7682, नरवाना ब्लॉक में 8292, अलेवा ब्लॉक में 2860, सफीदों ब्लॉक में 5325 व जुलाना ब्लॉक में 4239 छात्र संख्या है।



जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

### अधिकारियों को दाखिला बढ़ाने के निर्देश दिए

गौरतलब है कि सत्र 2022-23 में जिले के 720 राजकीय स्कूलों में छात्र संख्या एक लाख 30 हजार 901 थी। वहीं 2023-24 में छात्र संख्या घट कर एक लाख सात हजार 884 थी। ऐसे में अप्रैल माह में शिक्षा विभाग के महानिदेशक ने अधिकारियों की ऑनलाइन मीटिंग लेकर दाखिला बढ़ाने के निर्देश दिए थे। ऐसे में राजकीय स्कूलों के शिक्षकों द्वारा डोर टू डोर अभियान शुरू किया गया थाए जो अभी तक जारी है। शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों को अवसर मोबाइल एप के माध्यम से परीक्षाए सुपर 100 स्कीम के तहत नीट और जेईई की निशुल्क तैयारी के लिए प्रशिक्षण, हर माह बच्चे और अभिभावकों के साथ शिक्षकों की बैठक, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों के लिए निशुल्क जांच शिविर, अनुसूचित जाति के छठी एवं नौवीं के विद्यार्थियों के लिए मुफ्त साइकिल सुविधाएं विद्यार्थियों को मुफ्त वर्दी, पुस्तकें, स्कूल बैग और स्टेशनरी, विद्यार्थियों के लिए अनेक प्रकार की छात्रवृत्ति, विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने के लिए योजना के बारे में जानकारी दे रहे हैं लेकिन पिछले साल की अपेक्षा अभी तक जिले के राजकीय स्कूलों में छात्र संख्या कम ही है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने कहा कि उम्मीद है कि छात्र संख्या बढ़ जाएगी और जो अंतर है उसे पूरा कर लिया जाएगा। छात्र संख्या बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है। इस माह के अंत तक दाखिला बढ़ाने पर जोर रहेगा।

# पोलिंग बूथों पर धूम्रपान निषेध

- लोस चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों को किया गया है तंबाकू व धूम्रपान मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। धूम्रपान निषेध को लेकर जागरूक करते डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस बार लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों को तंबाकू व धूम्रपान मुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि 25 मई को मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर तंबाकू उत्पाद लाने की अनुमति नहीं होगी। इसलिए सभी मतदाताओं का आह्वान है कि वे मतदान केंद्रों पर तंबाकू उत्पाद व धूम्रपान का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पहल लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए शुरू की गई है। क्योंकि धूम्रपान व तंबाकू उत्पादों का सेवन करना हमारी सेहत के लिए हानिकारक है। इससे कैंसर व टीबी जैसी अनेक जानलेवा बीमारियों के होने का खतरा बना रहता है। इसलिए संकल्प लें कि हम धूम्रपान या अन्य तंबाकू उत्पादों का त्याग करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला मतदान केंद्रों को तंबाकू व धूम्रपान मुक्त बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए डिजिटल सपोर्ट प्रदान की जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



वेदांता इंटरनेशनल किड्स स्कूल बसंत विहार में पेरेंट्स ओरियंटेशन प्रोग्राम कार्यक्रम आयोजित किया गया।यह कार्यक्रम कार्डिनेटर पारूल मैडम की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल की स्थापना के बाद ये स्कूल का पहला ओरियंटेशन प्रोग्राम थाए जिसका उद्देश्य विघार्थियों के विभिन्न प्रकार के कौशल को जैसे .सकल मोटर कौशलए बोलने का कौशल तथा विघार्थी प्रोग्रेस रिपोर्ट और विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए डिजिटल सपोर्ट प्रदान की जाएं। निदेशक प्रदीप नैन ने सभी अभिभावको का प्रथम सत्र में स्कूल से जुड़ने के लिए धन्यवाद किया और उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से अभिभावको तथा अध्यापकों के बीच में समन्वय और संवाद का तालमेल होता है। उन्होंने बताया कि स्कूल में वन लर्न की तरफ से डिजिटल एजुकेशन को लेकर अभिभावको के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया।इस सेमिनार की अध्यक्षता मिस्टर निशांत गुप्ता ने की। सभी अभिभावको ने भारी संख्या में अपने बच्चों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने स्कूल के इस कार्यक्त्रम की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि स्कूल का स्टाफ बहुत ही मेहनती और बच्चों के लिए समर्पित है। चैयरमेन रवि श्योकंद ने भी इस कार्यक्त्रम के सफल आयोजन की सभी अभिभावको तथा अध्यापकों को बधाई दी।

# ईंट भट्ठे पर महिलाओं-बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए 55 जोड़ी चप्पलें वितरित

- संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करना : अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



जींद। ईंट-भट्ठों पर सामान बांटते हुए संस्था के पदाधिकारीगण।

गोरक्ष वेलफेयर सोसाइटी रिटौली ने शनिवार को ईंट भट्ठे पर काम करने वाली महिलाओं और बच्चों को गर्मी से बचने के लिए 55 जोड़ी हवाई चप्पलें व बिस्किट वितरित किए। गोरक्ष वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के उन तबकों की मदद करना है जो आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। इंर्ट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों की स्थिति दयनीय है और यह हमारा छोटा सा प्रयास उन्हें थोड़ी राहत देने के लिए है। ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों के लिए इस तरह की मदद उनके जीवन को थोड़ा आसान बना सकती है। राधेश्याम ने कहा कि हम भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे ताकि हम समाज के हर वर्ग तक अपनी सहायता पहुंचा सकें। इस मौके पर पूर्व सरपंच सत्यवीर सिंह, रणवीर सिंह, साहिल, सुखदीप सिंह, अमर व अभिषेक मौजूद थे।

### आज माइक्रो ऑब्जरवरों की प्रथम रिहर्सल

- डीआरडीए हॉल में रिहर्सल प्रथम आयोजित होगी

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए चुनाव पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में माइक्रो ऑब्जरवरों की 19 मई रविवार को स्थानीय डीआरडीए हॉल में प्रातः दस बजे प्रथम रिहर्सल आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की डयूटी माईक्रो ऑब्जरवरों में लगी हुई है वे निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें। ट्रेनिंग में बारीकी से सभी जरूरी जानकारी दी जाएगी, जो चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए अति महत्वपूर्ण है।

# स्वास्थ्य विभाग ने प्रवासी मजदूरों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों


जींद। मजदूरों को जागरूक करते स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो :हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ईंट-भट्ठों पर वहां पर काम करने वाले लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर हेल्थ इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह, एलएचवी सुरेखा देवी, वार्ड सर्वेंट अमित रंगा मौजूद रहे। टीम ने प्रवासी मजदूरों को मोटिवेट करते हुए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि 0 से 5 साल के बच्चों को समय पर सभी टीके लगवाने चाहिए। इन टीकों के लगने के उपरांत बच्चों अनेक प्रकार की बीमारियों से महफूज रहता है। इसके अलावा उन्हे डेंगू व मलेरिया से बचाव के उपाय बताए तथा उन्हे सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाने के प्रति प्रेरित किया। ईश्वर सिंह ने बताया कि वे अपने-अपने घरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, मच्छरदानी का प्रयोग करें, अपने आसपास पानी को इकठ्ठा न होने दे व पूरी बाजू के कपड़े पहनकर रखे।


जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में पानी के कसोरे लगाते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं ने पक्षियों के पानी के लिए लगाए सकोरे

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में इको क्लब द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में पक्षियों के लिए कसोरा लगाने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने तथा संचालन इको क्लब की प्रभारी नीलम ने किया। इको क्लब की छात्राओं ने पक्षियों के लिए दाना व पानी के इंतजाम के लिए के लिए 50 कसोरे लगाए। कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि भीषण गर्मी में आसमान से आग बरस रही है। गर्मी में मानव हो या फिर पशु व पक्षी हों, सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम हम पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करें ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। डा. नीलम रानी, डा. रश्मि मलिक और डा. अंशु ने भी छात्राओं को पक्षियों की सेवा के लिए प्रेरित किया।

# डस्टबीन का प्रयोग करने का आह्वान

- सेव संस्था ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। स्वच्छता अभियान चलाए सेव संस्था के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने शनिवार को रोहतक रोड 7 नंबर रजबाहा से देवीलाल चौक एरिया में सफाई अभियान चलाया। सेव संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 380वां अभियान था। संस्था सदस्यों ने दुकानों के बाहर पड़े पॉलीथिन को उठाते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश देने का प्रयास किया। लोगों को समझाते हुए कहा कि हर दुकानदार ने अपनी दुकान के आगे डस्टबीन रखना चाहिए ताकी कूड़ा नीचे फैंकते वक्त उसे डस्टबिन दिखाई दे। हम लोग डस्टबीन को छुपा कर रखते हैं। इसीलिए हमारा सारा कूड़ा डस्टबीन में नही जाता है। यदि हर आदमी कूड़ा डस्टबीन में डालने लगे तो स्वच्छता सुनिश्चित है। डस्टबीन का प्रयोग किए बिना स्वच्छता नहीं रह सकती। इसलिए हर आदमी ने डस्टबीन का प्रयोग करने की आदत अपनानी चाहिए। डस्टबीन नगर परिषद को गाड़ी को देना चाहिए। सभी लोग डस्टबीन का प्रयोग करेंगे, उसी से हमारा शहर, गांव और देश सुंदर होगा। हमारा बच्चों का भविष्य उ'जवल होगा। इस मौके पर शहर के गणमान्य लोगों ने अहम योगदान दिया।



जींद। मतदान को लेकर निमंत्रण देते बीएलओ। फोटो :हरिभूमि

### मतदाताओं को घर-घर जाकर दिया जा रहा आमंत्रण पत्र

**जींद।** भारत एवं हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान करने के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर स्लिप, मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। इस बारे सभी विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए जा चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अबकी बार लोकसभा चुनाव 2024 का थीम चुनाव का पर्व, देश का गर्व है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा अनूठी पहल की गई है। जिसमें निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है। इस निमंत्रण पत्र का स्लोगन भेज रहे हैं निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 को भूल न जाना वोट डालने आने को प्रमुख है। उन्होंने बताया कि बीएलओ वोटर स्लिप के साथ इस निमंत्रण पत्र भी परिवार को दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि निमंत्रण पत्र के पिछली ओर मतदान करने की पूरी प्रक्त्रिया अंकित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे 25 मई को अपने बूथ पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।

## पाँचवीं से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया

# इंडस स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- छात्रों को अपने विचार और दृष्टिकोण को व्यक्त करने का मंच मिला

इंडस पब्लिक स्कूल कैथल के प्रांगण में आर.आई.डी.एस.के अंतर्गत 'निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर जागरूक करना तथा भारत और अन्य देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद सांस्कृतिक और शैक्षिक संबंधों का निर्माण करना है। छात्रों ने नेपाल, नाइजीरिया, पाकिस्तान, ब्राजील एवं भारत के प्रसिद्ध व्यक्तित्व, स्मारकों एवं त्योहारों को अपनी प्रतियोगिता का विषय बनाया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पाँचवीं से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को विश्वभर की विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के बारे में सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। छात्रों को अपने विचार और दृष्टिकोण को व्यक्त करने का मंच मिला। प्रधानाचार्या श्रीमती तनु ने बताया इस प्रकार की प्रतियोगिता न केवल छात्रों की शैक्षिक और व्यक्तिगत क्षमताओं को बढ़ाती है बल्कि उन्हें वैश्विक मंच पर अपनी बात रखने का मौका भी देती है। इससे वे जागरूक, जिम्मेवार और सक्रिय वैश्विक नागरिक बन सकते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों में विचार व्यक्त करने की समझ में वृद्धि करती है जो उनके व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक जीवन में सहायक है।



कैथल। निबंध प्रतियोगिता में अव्वल रहे इंडस पब्लिक स्कूल कैथल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



### संकल्प ही सफलता का मूल मंत्र : पुजारी अशोक शर्मा

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी में भजन-कीर्तन में पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि तपस्या तन के लिए संजीवनी बूटी के समान है। अनेकों असाध्य रोग जो दवाईयों के द्वारा भी ठीक नहीं हो पाते वो रोग भी तप के द्वारा समाप्त हो जाते है। जिस तरह एक कच्चा घड़ा आग पर रखने के बाद ही पकता है, मजबूत होता है उसी प्रकार तन भी तपस्या के द्वारा मजबूत बनता है। जिस तरह स्वर्ण अग्नि से शुद्ध होता है वैसे ही तप के द्वारा शरीर, आत्मा पवित्र होते है। तपस्या के अनेकों लाभ होते है तप से वासना के ऊपर विजय प्राप्त होती है, तप के कारण शरीर भी स्वस्थ होता है, 'यादातर बीमारियां उन्हीं लोगों को लगती है जो असंतुलित भोजन ग्रहण करते है, तप को इंद्रियों की चंचलता भी खत्म होती है, सुख की प्राप्ति होती है, तप से आने वाली विपदाएं दूर हो जाती है, तप से सहनशीलता बढ़ती है, तय से आत्मा शुद्ध होती है, तप से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है।

## 18 हजार 922 युवा करेंगे पहली बार मतदान: प्रशांत पंवार

# कैथल के 8 लाख 19 हजार 284 मतदाता करेंगे मतदान

डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत आगामी 25 मई को मतदान होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत आगामी 25 मई को मतदान होगा। जिसमें जिले की चार विधानसभाओं क्षेत्रों में 8 लाख 19 हजार 284 वोटर्स अपने मत का उपयोग करके लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर युवा मतदाताओं में भी काफी जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिला के 18 हजार 922 युवा पहली बार अपना वोट डालेंगे। युवा मतदाताओं में 12 हजार 448 पुरुष एवं 6 हजार 672 महिला मतदाता तथा 2 थर्ड जैंडर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 6 मई 2024 को जारी की गई लिस्ट के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो कैथल विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता हैं। यहां कुल 2 लाख 19 हजार 994 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 15 हजार 412 पुरुष एवं एक लाख 4 हजार 582 महिला मतदाता शामिल हैं। दूसरे स्थान पर कलायत विधानसभा क्षेत्र है। यहां कलायत विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 14 हजार 607 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 13 हजार 839 पुरुष एवं 1 लाख 765 महिलाएं तथा 3 थर्ड जैंडर शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार गुहला विधान सभा क्षेत्र में कुल एक लाख 92 हजार 625 मतदाता हैं, जिसमें 91 हजार 889 महिला एवं एक लाख 729 पुरुष मतदाता तथा 7 थर्ड जैंडर शामिल हैं। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 92 हजार 58 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 1 हजार 314 पुरुष एवं 90 हजार 742 महिलाएं तथा 3 थर्ड जैंडर शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि अगर आयु वर्ग की बात करें तो जिला में 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 18 हजार 922 मतदाता हैं, जिसमें 12 हजार 248 पुरुष एवं 6 हजार 672 महिला मतदाता शामिल हैं। 20 से 29 आयु वर्ग के कुल एक लाख 69 हजार 467 मतदाता, जिसमें 1 लाख 651 पुरूष व 68 हजार 814 महिला मतदाता हैं। इसी प्रकार 85 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के कुल 11 हजार 21 मतदाता है।

### नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई



**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला में पंजीकृत सभी प्रिंटिंग प्रेस को चुनाव पैम्फलेट, पोस्टर और संबंधित सामग्री की छपाई और प्रकाशन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीसी ने सभी पंजीकृत मुद्रकों और प्रकाशकों को निर्देश जारी किए हैं कि चुनाव पैम्फलेट, पोस्टर आदि की छपाई और प्रकाशन प्रतिनिधित्व की धारा 127-ए के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित नहीं करें। चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पैम्फलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिसमें छह महीने की सजा से लेकर प्रिंटिंग प्रेस का लाइसेंस निरस्त करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है इसलिए यह जरूरी है कि उनके पैम्फलेट व पोस्टर आदि के खर्च का भी पूरा हिसाब किताब रहे।



राजौंद। खेडी सिंबल वाली स्कूल स्टाफ सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### होनहार छात्रों का सम्मान

**राजौंद।** राजकीय उच्च विद्यालय खेडी सिम्बल वाली मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बता दे की कई दिन पूर्व आए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित परीक्षाओं मे राजकीय उच्च विद्यालय खेड़ी सिम्बल वाली का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आया है। मुख्यध्यापक कुलदीप सिंह ने बताया की सम्मान समारोह मे मेरिट प्राप्त करने वाले एवं प्रथम श्रेणी से दसवीं कक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मनित किया गया व सभी छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त कर बुलंदीयां छूने की प्रेरणा दी। इस दौरान अध्यापक महावीर सिंह संदीप अमित ममता बिजेंद्र मनोज रामफल गीता व एस एम सी प्रधान शीशपाल सहित विद्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा।



राजौंद। पार्क के दौरान आदर्श स्कूल के विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### छात्रों ने लिया जल पार्क यात्रा का आनंद

**राजौंद।** आदर्श वमावि जाखौली जल पार्क यात्रा का आयोजन किया है। यह यात्रा को किंग लैंड वॉटर पार्क कैथल में आयोजित की गयी। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चो को मनोरंजन और राहत प्रदान करना है। उसके बाद बच्चों ने तरंगों वाले पूल में आनंद लिया। बच्चो को जल पार्क में विभिन्न प्रकार की जल क्रीड़ाओं और आकर्षणों का आनंद उठाने का अवसर मिला। इसमें वाटर स्लाइड्स, वेव पूल, रेनशॉ डांस और कई अन्य गतिविधियां शामिल थी। स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया की बच्चों को इस तरह की यात्राएं करवानी चाहिए जिससे बच्चों को अपने आसपास में घूमने का मौका मिले। उन्होंने बताया कि स्कूली जीवन में पढ़ाई के साथ साथ ऐसे कार्यक्रमों का होना अति आवश्यक है, जिससे विद्यार्थी को कुछ नया करने व सीखने को मिलता है।

### पक्षियों की सुरक्षा करना हमारा दायित्व : प्रवीण कुमार



पूंडरी। भाविप सदस्य पक्षियों के लिए बर्तन और दाना वितरित करते हुए।

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी द्वारा सेवा प्रकल्प के अंतर्गत पक्षियों के लिए दाना पानी के लिए मिट्टी के 100 बर्तन (सकोरा) और खाने के लिए गेहूं दलिया का वितरण किया गया। कार्यक्रम सहयोगी जोगिंदर सिंह कामना ग्रेन ट्रेडर्स और कार्यक्रम के संयोजक संदीप गर्ग रहे। संस्था अध्यक्ष प्रवीन मित्तल ने बताया कि पक्षी धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं, जिनकी सुरक्षा हमारा दायित्व है। पक्षियों के इंसान और जानवरों को बहुत फायदा है। इसलिए हमारा फर्ज बनता है कि हम पक्षियों को बचाने के लिए हमेशा कुछ करें। हम सभी को अपने घरों के आंगन और छत पर पक्षियों के लिए छोटे बर्तनों में पानी भरकर जरूर रखना चाहिए। शाखा सचिव विकास कुमार ने आने के लिए सबको धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का आयोजन हाबड़ी मोड़ पर परिषद सदस्य मुनीष मितल के प्रतिष्ठान पर किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक विनोद बंसल, महिला संयोजिका निधि मोहन, डा. मनीषा मंगल, बबीता सिंगला, वंदना सिंगला, डॉ राजेश कुकरेजा, सुधीर आहलूवालिया, सुनील गर्ग, अशोक गर्ग, वंदना मितल,राज कुमार, डॉ. मनोज मंगल व प्रभात गोयल भी मौजूद थे।

## रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हुडा सेक्टर 19 में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की एक बड़ी कन्वैशन व सभा को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान जरनैल सिंह सांगवान ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार ने पिछले 9-10 सालों में उनकी एक भी मांग का समाधान नहीं किया है ,उल्टे सरकार ने करोना काल में उनका अठारह महिनों का मंहगाई भत्ता छीन लिया व रेलवे व हवाई यात्रा में रियायती टिकट सुविधा को खत्म कर दिया।इसलिए वे इस सरकार को हराने का काम करेंगे।उन्होंने बताया कि वे लम्बे समय से सरकार के प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से अनेकों बार गुहार लगा चुके हैं,लेकिन एक बार भी सुनवाई नहीं हुई। राज्य कमेटी नेता धूप सिंह सिरोही, वरिष्ठ उपप्रधान गुलाब सिंह चीका ने इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए कहा कि आयु बढ़ने पर पेंशन बढ़ोतरी , पुरानी पेंशन बहाल करने , कैशलैस मैडिकल प्रणाली लागू करने आदि मांगों पर लगातार शोशेबाजी हो रही है व कोई स्पष्ट दिशा निर्देश जारी नहीं हो रहे हैं।इसलिए वे सरकार का विरोध करने को विवश हैं।



रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी।

### खरकांवासियों ने नारेबाजी कर जताया विरोध

**गुहला-चीका।** खरकां गांव में चुनावी प्रचार के लिए गए कुछ भाजपा नेताओं को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार जब गुहला भाजपा के कुछ नेता लोगों को सम्बोधित कर रहे थे तो दूसरी तरफ बिल्कुल पास ही भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता भाजपा के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। किसानों के विरोध के बावजूद भी भाजपा नेताओं ने बोलना बंद नहीं किया और कुछ देर बाद जहां सभा खत्म हो गई।

### शिव पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

## बच्चों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

गांव बडसीकरी में शिव पब्लिक स्कूल में संस्था सहगल फाउंडेशन और फ्लिपकार्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में एक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कला प्रतियोगिता में कक्षा 6-7 के विद्यार्थियों का ग्रुप था और कक्षा 8-12 तक के विद्यार्थियों का दूसरा ग्रुप था जिसमें विद्यार्थियों ने पराली प्रबंधन व पर्यावरण विषय पर अपनी-अपनी समझ के अनुसार ड्राइंग बनाई। सहगल फाउंडेशन की तरफ से ओमप्रकाश नेहरा व संदीप ने बच्चों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान व पराली को खेत में ही मिलाने के फायदों के बारे में बताया और विद्यार्थियों को इसके बारे में घर जाकर अपने.अपने अभिभावकों को भी पराली न जलाने के लिए समझाने का वायदा लिया। स्कूल प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिता में अवश्य भाग लेना चाहिए, जिससे उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा में निखार आता है।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

Format C-1

*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate : Naveen Jindal, H No. 1, Jindal House, Mohan Nagar, Kurukshetra

Name of political party : Bharatiya Janata Party

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : House of People

*Name of Constituency : 02-Kurukshetra

I Naveen Jindal (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC** | **CC No. 248/2019 (Erstwhile CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006)<br><br>FIR dated 10.06.2013** | **The matter is listed for further prosecution evidence on 12, 15, 16, 29, 30th July 2024, 12, 13, 20, 21, 27, 28th August 2024** | **In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal block to the Company, CBI had filed a charge sheet bearing CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006. The Special Judge passed orders on charge on 29.04.2016 & 13.07.2018 and vide order dated 16.08.2018 has framed charges u/s 420 IPC, & 120-B/420 IPC and u/s 7, 12 and 13 (1)(d) P.C. Act against all accused persons.** |
| 2. | **Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC** | **CR Case No. 1/2019<br><br>(Erstwhile CRC No. 8/2018 in ECIR No. 12/ DLZO/2014) ECIR dated 11.04.2014** | **The matter is now listed on 06.07.2024 for submission on the supplementary complaint in the present case.** | **In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal to the company, the ED had filed a complaint bearing CRC No. 08/18.** |
| 3. | **Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC** | **CC No. 314/2019 (Old CC No. 13/2017) In RC No. 2019 2015 E-0004<br><br>FIR dated 22.04.2015** | **Further proceedings pending before the Special Judge, (PC Act) (CBI), Rouse Avenue Court Complex, New Delhi Court has been stayed by the Hon'ble Supreme Court vide order dated 23.08.2022. In view of the aforesaid order, the matter is listed on 04.06.2024 awaiting further directions from the Hon'ble Supreme Court.** | **In relation to the allocation of the Urtan North coal block to the company, CBI had filed a charge sheet bearing number CC No. 13/2017 in RC No. 2019 2015 E-0004. The Special Judge vide its order dated 25.07.2019 has framed charges u/s 420 IPC & 120-B/420 IPC against all accused persons. Thereafter, CBI filed an application for further investigation and the Ld. Special Judge vide its order dated 23.12.2019 has permitted CBI to carry out further investigation.** |
| 4. | **Enforcement Directorate** | **F. No. ECIR/15/ DLZO/2015/AD / VM** | **Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2015** | **Notice in relation to investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 by Directorate of Enforcement in respect to Urtan North Coal block.** |
| 5. | **CBI** | **RC No. 221 2014 E 0018 FIR dated 18.10.2014** | **Pending investigation since 2014** | **The present FIR has been registered by the CBI/EO-III, against (i) M/s Jindal Strips Limited (presently Jindal Steel and Power Ltd.). and other unknown Public servants under sections 120-B r/w 409 & 420 IPC and 13(1)(c), r/w 13(1)(d) of Prevention of Corruption Act, 1988 in connection with the allotment of Gare Palma IV/1 Coal block in Chhattisgarh to M/s Jindal Steel and Power Ltd.** |
| 6. | **Enforcement Directorate** | **F. No. ECIR/24/ DLZO/2014/AD / VM** | **Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2014** | **Notice have been received from the Directorate of Enforcement with regard to an investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 in respect to Gare Palma IV/1 Coal block. Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement.** |
| 7. | **Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi** | **Original Complaint No. 1601/2022<br><br>Complaint dated 17.1.2022** | **As per the order dated 22.3.2022 in the Writ Petition (C) 4604/2022 the Hon'ble High Court of Delhi has ordered that no proceedings before Adjudicating Authority till the next order.** | **Pursuant to Provisional Order No. 10/22 in ECIR No. 24/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 58,00,75,194.00** |
| 8. | **Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi** | **Original Complaint No. 1514/2021<br><br>Complaint dated 26.8.2021** | **The Court vide order dated 04.10.2021 directed that proceedings before the Adjudicating Authority goes on but no final order to be passed. The matter is now listed on 03.09.2024 for further proceedings** | **Pursuant to Provisional Order No. 04/2021 in ECIR No. 12/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 59,34,21,420.00** |
| 9. | **Smt Arjinder Kaur, Tis Hazari Court, New Delhi MM-6 (C)/THC/Delhi** | **Ct. Case No. 14584/2018<br><br>Complaint dated 24.7.2018** | **The Hon'ble Delhi High Court in Cr. M.C. No. 5192/2022, vide order dated 12.10.2022 has stayed further proceedings before the Ld. MM in the Ct. Case No. 14584/2018 till further orders.** | **A private criminal has been filed and the summons have been issued for offences U/s 323/506/120-B of IPC against the accused.** |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
|---|---|---|---|
| **1** | **NIL** | **NIL** | **NIL** |
| **2** | **NIL** | **NIL** | **NIL** |
| **3** | **NIL** | **NIL** | **NIL** |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## खबर संक्षेप

### किसान सम्मेलन पाई अनाज मंडी में आज

**पाई।** किसान युनियन प्रदेशाध्यक्ष होशियार सिंह गिल ने कहा कि किसान अपने हक के लिए 19 मई को पाई की अनाज मंडी में एक किसान सम्मेलन कर जा रहे हैं। इसमें कई हजार किसान भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी से किसानों का आंदोलन शम्भू, खनौरी, डबवाली, रतनपुरा बार्डरों पर चल रहा है। उसी आंदोलन के तहत 7 मई से हरियाणा के किसानों की इंसाफ यात्रा चल रही है।



### कन्हैया मित्तल के भजनों पर झूमे श्याम भक्त

**गुहला-चीका।** गत रात्रि श्री खाटू श्याम परिवार चीका की ओर से करवाए गए 14वें श्री श्याम जागरण श्याम की भेंटों पर देर रात तक लोग झूमते रहे। जागरण में श्याम बाबा का 80 फीट चौड़ा व 25 फुट ऊंचा मनमोहक दरबार व 5100 रंग-बिरंगे गुब्बारों का इन्द्रजाल सजाया गया था। सबसे पहले भगवान खाटू श्याम की आरती की गई और उसके बा खाटू श्याम के शुरू हुए भजनों ने समां बांध दिया। मशहूर गायक कन्हैया मित्तल ने भजन शुरू किए तो लोग भजन खत्म होने के बाद तक झूमते रहे। गायकों ने एक के बाद एक भजन गाया और भजनों का यह सिलसिला सारी रात तक चलता रहा।

### पीएचसी नगूरां का कारनामा, एक घंटे बाद खुला गेट

# लेबर पेन से बिलखती रही महिला नहीं खुला दरवाजा, नींद में था स्टाफ

- मामले को लेकर पहले भी सीएमओ को अवगत करवा चुकी थी पंचायत लेकिन नही जागा स्वास्थ्य विभाग
- ग्रामीण बोले-स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा जच्चा-बच्चा की जान जोखिम में डाल कर्मचारियों को बचाने का चल रहा खेल





**अलेवा।** नगूरां पीएचसी पर विरोध प्रकट करते पीड़ित परिजन व ग्रामीण व नगूरां पीएचसी पर खाली पड़ी चिकित्सा अधिकारी की कुर्सी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

लेबर पेन से कहराती बिलखती नगूरां निवासी एक महिला को नगूरां पीएचसी पर डिलीवरी के लिए जाना उस समय महंगा पड़ गया। जब करीब एक घंटे तक लेबर पेन से कहराती बिलखती महिला के लिए गहरी नींद में सोये डयूटी पर तैनात स्टाफ ने करीब एक घंटे तक दरवाजा नहीं खोला। परिजन दरवाजा खुलवाने के लिए पीएचसी की बिल्डिंग के चारों तरफ इलाज के लिए चीख पुकार करते रहे लेकिन कर्मचारियों ने परिजनों की पुकार नहीं सुनी। वहीं दूसरी तरफ एक अन्य गर्भवती महिला के परिजनों ने शुक्रवार को दर्द से कहराती महिला को चिकित्सों ने लेबर पेन के होते हुए फरियाद करने के बावजूद भी डिलीवरी के लिए जींद के नागरिक अस्पताल में रैफर करने के मामले में दोनों पीड़ित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिल कर शनिवार को नगूरां पीएचसी पर स्वास्थ्य विभाग तथा सरकार के खिलाफ रोष प्रकट कर बवाल काटा। शनिवार को नगूरां पीएचसी पर ग्रामीणों के साथ रोष प्रकट कर रहे नगूरां निवासी गर्भवती महिला गीता के पति सुमित ने बताया कि वीरवार सुबह करीब 5:30 बजे उसकी पत्नी की डिलीवरी करवाने के लिए पीएचसी नगूरां में पहुंचे थे लेकिन डयूटी पर तैनात स्टाफ ने करीब एक घंटे तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी पीएचसी का मुख्य द्वार नहीं खोला। जिससे उसकी पत्नी की हालात समय-समय के अंतराल के बाद बिगड़ती चली गई। आसपास के लोगों के प्रयास के बाद करीब एक घंटा बाद पीएचसी का मुख्य गेट खुला और उसकी पत्नी ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। वहीं दूसरी तरफ नगूरां निवासी सोनू ने बताया कि शुक्रवार को उसकी पत्नी मनीषा की डिलीवरी करवाने के लिए नगूरां पीएचसी पर पहुंचे थे लेकिन मौके पर तैनात दोनों चिकित्सकों ने डिलीवरी को हाई रिस्क बताते हुए जींद के नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया। यही नहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि एक चिकित्सा अधिकारी के कहने पर नागरिक अस्पताल जींद से उनको रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। सोनू ने बताया कि वह उसकी पत्नी को रोहतक ले जाने की बजाए जींद के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां पर नॉर्मल डिलीवरी के रूप में उसकी पत्नी ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। परिजनों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों की कार्य प्रणाली के चलते उनको आर्थिक तथा मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। शनिवार को दोनों पीड़ितों के परिजनों ने ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर पीएचसी नगूरां पर पहुंचकर दोषी कर्मचारियों तथा अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई ताकि भविष्य में किसी जच्चा-बच्चा की जान के साथ खिलवाड़ नहीं हो सके।

#### पहले भी विवादों में रही पीएचसी

ग्रामीणों ने बताया कि पीएचसी नगूरां पहले भी डाक्टरों के समय पर न आने तथा एक स्टाफ नर्स के तबादले को लेकर सुर्खियों में रही है। नगूरां पंचायत ने मामले को लेकर कई बार लिखित में सीएमओ को अवगत करवाया, लेकिन पंचायत के लिखे पत्रों पर स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों ने किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया। पंचायत हर बार पीएचसी में चल रही गतिविधियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाती रही लेकिन स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारी आंख बंद कर तमाशबीन बने रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने पीएचसी नगूरां पर जमकर बवाल काटा और चेताया कि भविष्य में अगर पीएचसी में चिकित्सा अधिकारी तथा कर्मचारी समय पर नहीं आए तो ग्रामीण मामले को लेकर कठोर कदम उठाने के अलावा समय-समय पर पीएचसी का निरीक्षण करेगें।

#### मामले को लेकर होगी जांच : सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि डयूटी पर तैनात स्टाफ द्वारा डिलीवरी के लिए आई महिला के लिए दरवाजा न खोलना एक गंभीर विषय है। इसके लिए जांच कमेटी का गठन होगा और दोषी कर्मचारियों व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं उन्होंने बताया कि पंचायत की मांग पर पीएचसी नगूरां में तैनात डा. दीक्षा यादव को नागरिक अस्पताल जींद में डेपूटेशन पर भेज दिया है और डा. राम को नगूरां पीएचसी का कार्यभार दे दिया है।



**जींद।** सहायता राशि देते हुए सरपंच रिषिपाल हैबतपुर। *फोटो : हरिभूमि*

## आशा को सरपंच रिषीपाल ने दी पचास हजार की आर्थिक सहायता

- हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई थी आशा वर्कर, आर्थिक हालात थे कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वार्थ के दौर में आज भी कुछ लोग एसे है। जो निस्वार्थ भाव से संकट की घड़ी में साथ खडे.होकर उन्हे मदद के साथ हौसला देते है। ऐसा ही नेक कार्य गांव हैबतपुर के सरपंच रिषीपाल ने किया है। पिछले दिनो गांव मे डयूटीरत आशा वर्कर सुमन हादसे मे गभीर रूप से घायल हो गई। सुमन के घायल होने पर उनके परिवार के आथिक हालात भी गडबडा गए। जिसमे सुमन के इलाज से लेकर घर चलाने तथा बच्चो दाखिलो तक का खर्च शामिल था। जब गांव के सरपंच रिषीपाल को आशा वर्कर सुमन के बारे मे पता चला तो उन्होंने गाव मे डयूटीरत एनएम को बुला कर पूरी जानकारी ली। फिर बिना समय गवाए अपने निजी कोष से पचास हजार का चैक सुमन के अभिभावकों को थमा दिया। गांव के सरंपच का अपने गांव के कर्मी के प्रति स्नेह देख बुरे वक्त से गुजर रही सुमन के अपने आसू नही रोक पाई। सुमन ने कहा कि जब बुरे वक्त मे रिश्तेदार व अपने पल्ला झाड लेते है। ऐसे हालातो मे सरपंच रिषीपाल उनके परिवार के लिए फरिश्ते से कम नही है। सरपंच रिषीपाल ने कहा की पूरा गावं तथा वहा पर अपनी सेवा देने वाले कर्मी सभी परिवार का हिस्सा है। अगर परिवार का कोई सदस्य दिक्कत मे है तो सभी मिलकर उन हालातो पर काबू पा सकते है। हमेशा परोपकार की तरफ चले, भगवान रास्ता देता चलेगा और सामर्थ्यवान बनाता चलेगा।

### चीका में रक्तदान शिविर आज

**गुहला-चीका।** श्री सनातन धर्म महावीर दल चीका में शहर की प्रमुख समाजसेवी संस्था नेकी की दीवार चैरीटेबल ट्रस्ट पीडल, बाबा वीर हनुमान सेवा दल व प्रेस वेल्फेयर ट्रस्ट की ओर से संयुक्त रूप से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी काकू पहलवान ने बताया कि उक्त कैंप नशा मुक्त हरियाणा करने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कैंप में चीका शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से भी दर्जनों युवा रक्तदान करके जहां अपना सामाजिक दायित्व निभाएंगे, वहीं दूसरी तरफ किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने के उद्देश्य से रक्तदान करके पुण्य के भागी भी बनेंगे।

## महिला से 70 हजार की नकदी समेत बैग चोरी करने के दो आरोपित काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- जेठ का इलाज करवाने के लिए अस्पताल में आई थी महिला

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में जेठ का उपचार करवाने आई अलेवा निवासी महिला का 70 हजार की नकदी समेत बैग चोरी करने के दो आरोपितों को सिविल लाइन थाना पुलिस ने काबू किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान श्योराण कालोनी निवासी रोहित उर्फ रफीक व अलेवा निवासी अशोक उर्फ शोकी के रुप में हुई है। अलेवा निवासी मीना ने गत 15 मई को सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने जेठ का इलाज करवाने के लिए नागरिक अस्पताल में आई थी। इस दौरान उसके जेठ की गंभीर हालात को देखते हुए चिकित्सकों ने रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जब वह अपने जेठ को एंबुलेंस में लेकर रोहतक के लिए निकली तो उनका बैग गायब मिला। जिसमें 70 हजार रुपये की नगदी थी। इस मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस जांच में महिला का नकदी समेत बैग चोरी करने के आरोप में श्योराण कालोनी निवासी रोहित उर्फ रफीक व अलेवा निवासी अशोक उर्फ शोकी का नाम सामने आया। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि शनिवार को दोनों आरोपितों को काबू करके पूछताछ की तो चोरी की वारदात को कबूल किया। पकड़े गए आरोपितों से चोरी की 24 हजार रुपये की राशि भी बरामद की है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### भाजपा ने सभी को डरा-धमका रखा है : सीएम भगवंत मान

**सीवन।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि भाजपा ने सभी डरा धमका रखा है। किसी को भी अन्दर करके या किसी को डरा धमका कर अपने हक में कर लो। लेकिन अब इनसे डरने वाला कोई नहीं है। जनता सब समझ चुकी है और भाजपा का समय जा चुका है। वे शनिवार को सीवन में आम आदमी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार डा. सुशील गुप्ता के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छे आदमी ही देश के संसद में जाने चाहिए। जनता को चाहिए जो योग्य हों और आप लोगों के बीच में रहते हों उन्हें चुन कर संसद में भेजें। जो लोग स्कूल में जाने के लिए भी जहाजों का इस्तेमाल करते रहे हों वह लोग देश की जनता का क्या भला कर सकते हैं। जो लोग आपके बीच में रहे हों और गरीबी देखी हो वह जनता के दुखदर्द को समझ सकते हों उन्हें ही देश की संसद तक पहुंचायें ताकि वह आपकी आवाज बन सकें और जनता के हित में कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब में अब तक 43 हजार नौकरियां दी हैं।



**कैथल।** बागड़ी लोहारों को मतदान के लिए जागरूक करते अरविंद खुरानिया एडवोकेट।

### बागड़ी लौहार बस्ती में जगाई मतदान की अलख

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितु वाई के बहल के निदेर्शानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार विशेष मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन बागड़ी लौहार बस्ती कैथल में किया गया। इस शिविर का मकसद गरीब आमजन को उनके वोट के अधिकार व अपनी मर्जी से सही उम्मीदवार को वोट देकर अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। पैनल अधिवक्ता अरविंद खुरानिया व पराविधिक स्वयं सेविका सुनीता, नीलम, सुमन ने बस्ती के लोगों, महिलाओं, बच्चों को मतदान की शक्ति व महत्वता के बारे में जानकारी दी गई। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाए गए आमंत्रण पत्र भी वहां पर वितरित किए गए।

### बालिका मंच में करवाया संवाद

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में बालिका मंच के तहत कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों का कार्यक्रम किया गया। बालिका मंच का विषय मेरी पसंदीदा कहानी रखा गया। बालीका मंच की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य हरपाल सिंह की। बालिका मंच कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की अंजू रानी ने किया। बालिका मंच का कार्यक्रम प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को करवाया जाता है। जिससे कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को किसी विषय के बारे में गहराई से विचार विमर्श करवाया जाता है। बालिका मंच के माध्यम से अध्यापक और छात्राओ का आपस के संवाद से कई समस्याओं का हल निकलता है। प्रतिभागी बच्चों द्वारा मुंशी प्रेमचंद की कहानी तथा स्वयं द्वारा रचित कहानियां का वाचन किया गया। बालिका मंच कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा चार्ट के माध्यम से दृश्य कहानियों को भी प्रदर्शित किया गया। इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में रचनात्मक कौशल उत्पन्न होता है। सर्वश्रेष्ठ वाचन करने वाले बच्चों को बालिका मंच की ओर से मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मैडम अंजू ने गर्मी से बचाव के साथ साथ स्वास्थ्य के बारे में भी जागृत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मैडम महेश रानी, सतविंदर कौर का सराहनीय योगदान रहा।

## महिला अभिभावक के साथ की अश्लील हरकत

- पीड़िता अपने बच्चे का दाखिला कराने गई थी गांव के सरकारी स्कूल में
- महिला के व्हाट्सअप पर अश्लील मैसेज तथा अश्लील सामग्री भेजने का आरोप
- पुलिस ने महिला की शिकायत पर स्कूल मुखिया के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना थाना इलाका गांव के राजकीय मिडल स्कूल में बच्चे का दाखिला कराने आई अभिभावक महिला के साथ स्कूल मुख्यिा द्वारा अश्लील हरकत करने तथा उसके व्हाट्सअप पर अश्लील मैसेज भेजने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने स्कूल मुखिया के खिलाफ अश्लील हरकत करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बच्चों के साथ मायक में रह रही है। वह अपने बेटे का दाखिला करवाने के सिलसिले में गांव स्थित सरकारी मिडल स्कूल में गत 29 अप्रैल को गई थी। स्कूल मुख्यिा ने बातों में लगा कर उसका मोबाइल नंबर ले लिया। दस्तावेजों में कमी को दूर कर बच्चे का दाखिला कराने में सहयोग की बात कही। आरोपित ने एकांत पाकर कमरे में उसके साथ अश्लील हरकत की। लोकलाज के भय से वह स्कूल से घर चली आई। जिसके बारे में उसने किसी को घटना के बारे में नही बताया। जिसके बाद स्कूल के मुख्यिा ने उसके फोन व्हाट्सअप पर अश्लील मैसेज तथा अश्लील सामग्री भेजनी शुरू कर दी। जब उसने विरोध जताया तो आरोपित ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित स्कूल मुख्यिा के खिलाफ अश्लील हरकत करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### मामले की जांच होगी

जुलाना के खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही है। किसी महिला ने स्कूल मुख्यिा के खिलाफ विभाग को शिकायत नही दी है। फिर भी वे अपने स्तर पर मामले की जांच कर इसकी जानकारी जुटाएंगे।



### कालेज में बताए गर्मी से बचाव के तरीके

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद में गर्मी व लू की विभीषिका से संबंधित व्याख्यान विस्तार का आयोजन करवाया गया। व्याख्यान का विषय गर्मी व लू की विभीषिका से बचने के उपाय रहा। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सुदेश सहायक प्रोफेसर राजनीतिक विज्ञान ने विद्यार्थियों को बताया कि गर्मी के इस मौसम में व लू की विभीषिका से बचने के उपाय सभी को ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए, हल्के रंग व सूती वस्त्र पहनने चाहिए। ज्यादा गर्मी में बाहर नहीं निकलना चाहिए और अगर सफर या यात्रा कर रहे हो तो पानी की बोतल साथ रखे। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नरेंद्र कुमार, दीपक, हरीपाल व राज रानी का योगदान रहा।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कृषि को उन्नत बनाने की सोच को लेकर कलायत के गांव बढ़सीकरी कलां स्थित शिव वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में कला विषय पर प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। सहगल फाउंडेशन और एफ.के फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों के दो गुरप गठित किए गए। प्रधानाचार्य रामनिवास बढ़सीकरी द्वारा तय कार्ययोजना अनुसार कक्षा छठी-सातवीं और आठवीं-बारहवीं के विधार्थियों ने अलग-अलग गुरप में हिस्सा लिया। इसमें पराली प्रबंधन व पर्यावरण विषय पर विद्यार्थियों ने अपनी स्वेच्छा से ड्राइंग बनाई। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के साथ-साथ प्रत्येक प्रतिभागी का उत्साह बढ़ाया गया।आयोजक ओमप्रकाश नेहरा व संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान एवं पराली को खेत में ही मिलाने के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पर्यावरण से जुड़े इस विषय के प्रति परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करने का संकल्प किया गया। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है।



**कलायत।** शिव वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते आयोजक-संयोजक। फोटो : हरिभूमि

## नि:शुल्क करवाया मरीजों का ऑपरेशन

- प्रमोद ने अपने खर्च से कराया 3 मरीजों के आंखों का ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हलके के प्रसिद्ध समाजसेवी प्रमोद चुहड़माजरा ने अपने खर्च से 3 मरीजों के आंखों के ऑपरेशन करवाए। जिन लोगों के ऑपरेशन करवाए गए, उन्हें गांव दर गांव लगाए जाने वाले निशुल्क नेत्र जांच शिविर में गंभीर बीमारी के चलते आंखों के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया था। उन्हें शनिवार को वे अपने निजी वाहन में कुरुक्षेत्र के कंबोज अस्पताल में ले गए। पूंडरी से कुरुक्षेत्र तक जाने के लिए मरीज को यह निशुल्क सेवा प्रदान की गई। वहां मरीजों को खाना, चाय व फल आदि खाने को दिए गए और फिर ऑपरेशन के बाद मरीजों को घर तक छोड़ा गया। प्रमोद चुहड़माजरा ने कहा कि मेरा यह प्रयास रहेगा। जो गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति है और उन्हें दिखाई नहीं देता उनका ऑपरेशन करवाया जाएगा। जिन मरीजों के ऑपरेशन करवाए गए उनमें लख्मी चंद बुच्ची, बिमलादेवी पूंडरी शामिल है। प्रमोद ने बताया कि वे पूंडरी हलके के हर गांव दर गांव में प्रत्येक रविवार को एक गांव में शिविर लगा रहे हैं और जो भी गांव बाकी रह गए हैं। उनमें भी वे रविवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करेंगे। बता दें कि प्रमोद चुहड़माजरा अब तक 42 शिविर निशुल्क लगा चुके हैं।



**पूंडरी।** कुरुक्षेत्र अस्पताल में ऑपरेशन करवाने के पश्चात मरीज।

### अनाधिकृत व्यक्ति स्ट्रांग रूम के पास भी नहीं आना चाहिए

## आरओ ने स्ट्रांग रूम की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सिरसा लोकसभा क्षेत्र के आरओ एवं उपायुक्त आरके सिंह ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के चलते शनिवार को स्थानीय हिंदू कन्या कालेज में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में नियुक्त सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्योर् की जानकारी ली तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चौकस हो तथा अनाधिकृत व्यक्ति स्ट्रांग रूम के पास भी नहीं आना चाहिए। केवल अधिकृत व्यक्ति ही स्ट्रांग रूम के अंदर प्रवेश कर सकता है। निरीक्षण के दौरान सिरसा लोकसभा क्षेत्र के आरओ आरके सिंह ने ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का मुआयना करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लोकसभा चुनाव हेतु नियुक्त किए गए अधिकारियों से चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों से लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी हर एक बिंदु को समझ कर आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी व सुरक्षा बल के जवान पूरी सतर्कता और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। स्ट्रांग रूम में आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम मशीनों को तैयार करते समय इनमें प्रयोग होने वाली बैटरी की चार्जिंग अच्छी प्रकार से चेक कर लें। इसके अलावा मतदान प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले सभी प्रकार के फामोंर् व अन्य सामग्री को अच्छी प्रकार से जांच करे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के अभी नियमों की पालना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रिजर्व में मशीनें रखना अत्यंत जरूरी है ताकि किसी पोलिंग बूथ पर ईवीएम मशीन खराब हो जाती है तो उसका तत्काल समाधान किया जा सके। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि वे गर्मी से बचाव के लिए समय- समय पर पानी पीते रहें।



**जींद।** बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते आरओ आरके सिंह। फोटो : हरिभूमि